INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date of submission:
Question Bank	**Topic: -11 बाज और साँप, वाक्य शुद्धि**	Note: Pls. write in your Hindi note book

प्रश्न.1 घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।

उत्तर = घायल होने के बाद भी बाज ने यह कहा कि - "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" उसने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह अपने जीवन को मज़े से बिता चुका था । वह असीम आकाश में जी भरकर उड़ चुका था। जब तक उसके शरीर में ताकत रही तब तक ऐसा कोई सुख नहीं बचा जिसे उसने न भोगा हो। वह अपने जीवन से पूर्णतः संतुष्ट था।

प्रश्न.2 बाज ज़िंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

उत्तर = बाज ज़िंदगी भर आकाश में उड़ता रहा, उसने आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नापा हुआ था फिर भी वह घायल होने के बाद भी उड़ना चाहता था क्योंकि बाज साहसी था। वह कायर की मौत नहीं मरना चाहता था।वह मरने से पहले अंतिम बार खुले आकाश में उड़ना चाहता था | वह अंतिम क्षण तक जीवन की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना चाहता था।

प्रश्न.3 साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

उत्तर = साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था क्योंकि वह उड़ने में सक्षम नहीं था | पर जब उसने बाज को खुले आकाश में उड़ने के लिए तड़पते हुए देखा तब साँप के मन में भी आकाश में उड़ने की इच्छा जागी | वह भी जानना चाहता था कि आकाश का मुक्त जीवन कैसा होता है ? इस रहस्य का पता लगाने के लिए उसने (साँप ने) भी आकाश में एक बार उड़ने की कोशिश की |

प्रश्न.4 बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

उत्तर = बाज घायल और खून से लथपथ था | घायल होने के बाद भी उसके उत्साह में ज़रा भी कमी नहीं आई थी | वह अपनी जान हथेली पर रखकर आसमान में उड़ने लगा | वह फिर से आकाश की ऊँचाइयों को छूना चाहता था | उसने अपने प्राण गँवा दिए परंतु वह ज़िंदगी के खतरे का सामना करने से पीछे नहीं हटा। बाज के साहस, वीरता और बहादुरी पर प्रसन्न होकर लहरों ने गीत गाया था |

प्रश्न 5.घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

उत्तर = साँप और बाज एक दूसरे के शत्रु होते हैं | साँप बाज का आहार होता है। जब बाज गुफा में आया तो वह घायल अवस्था में था | वह साँप को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुँचा सकता था इसलिए घायल बाज को देखकर साँप के लिए खुश होना स्वाभाविक था।

प्रश्न.6 मानव ने भी हमेशा पक्षियों की तरह उड़ने की इच्छा की है। आज मनुष्य उड़ने की इच्छा किन साधनों से पूरी करता है।

उत्तर = मानव ने आदिकाल से ही पक्षियों की तरह उड़ने की इच्छा मन में रखी है। किन्तु शारीरिक असमर्थता की वजह से उड़ नहीं पा रहा था जिसका परिणाम यह हुआ कि मनुष्य ने हवाई जहाज का आविष्कार कर दिखाया। आज मनुष्य अपने उड़ने की इच्छा की पूर्ति हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर, गैस-बैलून, रॉकेट आदि साधनों से करता है।

अति लघु प्रश्न

प्रश्न 1 - साँप किसे देख कर सिटपिटा गया ?

उत्तर **- साँप बाज को देखकर सिटपिटा गया ।**

प्रश्न 2 - बाज को किस से शिकायत नहीं थी ?

उत्तर- **बाज को जिंदगी से शिकायत नहीं थी ।**

प्रश्न 3 - साँप कहाँ रहता था ?

उत्तर - साँप अँधेरी गुफ़ा में रहता था ।

प्रश्न 4- एक क्षण के लिए साँप के मन में किस की इच्छा पैदा हुई ?

उत्तर- एक क्षण के लिए साँप के मन में आकाश में उड़ने की इच्छा पैदा हुई ।

प्रश्न 5- बाज का नाम कैसे लिया जाएगा ?

उत्तर - बाज का नाम गर्व एवं श्रद्धा से लिया जाएगा ।

वाक्य शुद्धि

1. - हमने यह काम करना है।

उत्तर- हमें यह काम करना है।

2. - मैंने राम को एक प्रश्न पूछा।

उत्तर- मैंने राम से एक प्रश्न पूछा।

3. - मैंने उसके घर नहीं जाना है ।

उत्तर- मुझे उसके घर नहीं जाना है ।

4. - मेरे नये पते से चिट्ठियाँ भेजना।

उत्तर- मेरे नये पते पर चिट्ठियाँ भेजना।

5. - मेरे को यह बात पसंद नहीं।

उत्तर- मुझे यह बात पसंद नहीं।

6. - आप आपका काम करो।

उत्तर- आप अपना काम करो।

7. - वह सब भले लोग हैं।

उत्तर- वे सब भले लोग हैं।

8. - मैं उन्होंके पिताजी से जाकर मिला।

उत्तर- मैं उनके पिताजी से जाकर मिला।

9. -छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई।

उत्तर- छात्रों ने मुख्य अतिथि को फूलों की एक माला पहनाई।

10. - भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे।

उत्तर - भीड़ में पटना के चार व्यक्ति भी थे।

11. - मेरे मना करने के बावजूद भी वह चला गया।

उत्तर- मेरे मना करने के बावजूद वह चला गया।

12. - प्रातः काल के समय टहलना चाहिए|

उत्तर- प्रातः काल टहलना चाहिए|